
# १. चित्र

## १.१ मनचाही लकीरें खींचना



मनचाही लकीरें खींचेंगे
चित्र बनाना हम सीखेंगे।
हमपर गुस्सा ना करना
चित्र बनाना हमें है सीखना।
खेलें, करें और सीखेंगे सब
आप करेंगे सराहना तब।
मनचाही लकीरें खींचेंगे
चित्र बनाना हम सीखेंगे।

## मेरी कृति

◆ विद्‍यार्थियों की रुचि के अनुसार उनसे मनचाही लकीरें खिंचवाएँ। उन लकीरों पर वृत्त, त्रिकोण, चतुष्कोण बनाने के लिए कहें। उनमें से कुछ आकृतियाँ विद्‍यार्थियों से उपर्युक्त ढंग से रँगवा लें।

- **पेंसिल घुमाकर विभिन्न आकार बनाना**



- **रंगीन पेंसिल, रंगीन खड़ियाँ, रंगीन पेन, स्केच पेन**










- रुचि के अनुसार पेंसिल घुमाने के लिए कहें। तत्पश्चात उचित स्थान पर अपनी इच्छा से बिंदु बनाकर उपर्युक्त ढंग से नई कृति बनवा लें।
- रंगीन पेंसिल, रंगीन खड़ियाँ, रंगीन पेन, स्केच पेन अथवा अन्य वस्तुओं का उपयोग करके उपर्युक्त ढंग से पेंसिल घुमवा लें।

## १.२ बिंदुओं का मजा

**अंकों के अनुसार बिंदुओं को जोड़ो।**





**मनचाहे बिंदु लेकर आकार तैयार करो और रँगो।**





## मेरी कृति

- योग्य क्रमानुसार बिंदुओं को जोड़ने के लिए कहें। अलग चित्र तैयार होगा। उस आकार को पहचानकर उसका नाम बताएँ।
- आवश्यकतानुसार बिंदु बनाकर उन्हें मनचाहे ढंग से जोड़ने के लिए कहें। नया अलग आकार तैयार होगा । उनमें से कुछ आकार रँगने के लिए कहें।

## १.३ रेखाओं का मजा




आड़ी रेखा | खड़ी रेखा | तिरछी रेखा | खंडित रेखा | लयबद्ध रेखा



छेदक रेखा | अर्धवृत्ताकार रेखा | वृत्ताकार रेखा | सर्पाकार रेखा

### रेखाओं द्वारा विविध आकार



## मेरी कृति

◆ कुछ रेखाओं के आकार दिए गए हैं। उनके अनुसार रेखाओं का अभ्यास करवा लें। उपर्युक्त रेखाओं से विविध आकारों की निर्मिति कर सकते हैं। इससे अलग-अलग आकार विद्यार्थियों से बनवा लें।


## १.४ छापा कार्य और चिपक काम


### • पत्तों का छापा कार्य






### • खुरदरे सतहों की छापें









### • चिपक काम (कोलाज)










- विविध पत्तों के पिछले हिस्से को रंग लगाकर कागज पर उसकी छाप ले लें।
- सफेद पतले कागज के नीचे खुरदरे पृष्ठभाग पर वस्तु रखें। (टाट, वृक्ष के तने का टुकड़ा आदि) उस आकार पर पेंसिल अथवा तेल खड़िया घिसकर छाप लगाने के लिए कहें।
- फलों अथवा फल सब्जियों के आसान आकार बनाकर रंगीन कागज हाथ से ही फाड़कर चिपक काम (कोलाज) करवा लें।

## १.५ आसान आकार

- **वृत्त, त्रिभुज, चौकोन आकारों पर आधारित वस्तुओं के आकार**









- **परिचित वस्तुओं के सरल आकार**





- **प्राकृतिक घटकों के सरल आकार (पत्ते, फूल आदि)**



- उपर्युक्त ढंग से वृत्त, त्रिभुज और चौकोन पर आधारित कुछ वस्तुओं के आकार बनाने के लिए कहें। दिए गए आकारों से भिन्न आकार बनाने के लिए कहें।
- परिचित वस्तुओं के आकारों का अभ्यास करवाएँ। ऊपर दिए हुए आकार बनाने के लिए कहें।
- प्रकृति के कुछ आकारों का निरीक्षण करके वे आकार बनाने के लिए कहें।

## मेरी कृति

**मेरे बनाए हुए सरल आकार।**

◆ आकारों का अभ्यास करवा लें और आसान आकार बनाने के लिए कहें।

## १.७ रंगकाम

- **कुछ रंगों का परिचय**

| लाल | पीला | नीला | हरा | नारंगी | बैंगनी | सफेद | काला |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

- **रंग और फूल-फल की जोड़ियाँ**









## मेरी कृति

**रंग भरना**



- रंगों के नाम पूछें।
- प्रकृति में विविध रंग हैं, उनमें से कुछ रंगों का परिचय हो। इसलिए रंग और वस्तु के रंग का केवल निरीक्षण करना अपेक्षित है।
- दिए गए चित्र में अपनी रुचि के अनुसार रंग भरने के लिए कहें।

## १.८ सुलेखन

◆ सुंदर लिखावट के लिए बचपन से ही उसका अभ्यास करना आवश्यक है। उपर्युक्त ढंग से कुछ रेखाओं का अभ्यास करवा लें।

## १.१० मेरे चित्र

◆ उपर्युक्त स्थान में विद्यार्थियों से उनकी रुचि के अनुसार चित्र बनाने के लिए कहें।

9I449K